सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 124 | इंदौर, मंगलवार 18 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## शेख हसीना को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद बांग्लादेश में हिंसा

- सड़क पर अवामी लीग समर्थक, अब तक 2 लोगों की मौत



**ढाका, (एजेंसी) शेख हसीना को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। अवामी लीग के समर्थकों और छात्र विद्रोह के बाद बने जातीय छात्र शक्ति से भिड़ गए। अवामी लीग के प्रदर्शनकारियों ने ढाका में कई हाईवे ब्लॉक कर दिए। कई जगहों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भिड़ंत हुई है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने लाठियों, आवाज वाले हम और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। हिंसा में दो लोगों की मौत हुई है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (ICT) ने सोमवार को शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई। शेख हसीना को पिछले साल जुलाई में छात्र विद्रोह को दबाने के लिए हिंसा के मामले में मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी ठहराया गया है।**

सोमवार को सजा सुनाए के पहले ही शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग, जिसे प्रतिबंधित कर दिया गया है, ने दो दिनों के लिए देशव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था। सोमवार से ही ढाका समेत देश के कई हिस्सों में अवामी लीग समर्थकों ने मार्च निकाला, जहां उनकी विरोधियों से झड़प हुई। फैसले के पहले ही यूनुस सरकार ने ढाका में भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की थी, जिसे प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश दिया गया था।

### मोहन कैबिनेट आज

# बिजली कनेक्शन के हार्स पॉवर के अनुसार सोलर पंप देने पर प्रस्ताव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट बैठक में किसानों के हित से जुड़ा बड़ा प्रस्ताव सामने आ सकता है। बैठक में प्रदेश के किसानों को सोलर पंप पर 90 प्रतिशत तक सब्सिडी देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।**

जानकारी के अनुसार, ऊर्जा विभाग ने वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा था कि जिन किसानों के पास अस्थायी बिजली कनेक्शन के तहत जिस क्षमता (हॉर्स पावर) का पंप मोटर है, उन्हें उसी क्षमता का सोलर पंप उपलब्ध कराया जाए। वित्त विभाग ने इस सुझाव को सैद्धांतिक रूप में सहमति दी है। यदि कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो संबंधित क्षमता के सोलर पंप के लिए किसानों को उसी अनुपात में सब्सिडी का लाभ मिलेगा।



- डेढ़ लाख किसानों के आवेदन मिले

बताया जा रहा है कि ऊर्जा विकास निगम को अब तक लगभग डेढ़ लाख किसानों से सोलर पंप लगाने के आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सार्वजनिक हित से जुड़े कई अन्य एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही लोकायुक्त संगठन में विधि सलाहकार की नियुक्ति से जुड़े प्रस्ताव पर भी विचार होने की संभावना है।

### "गुजरात मॉडल' लागू कर सकती है बीजेपी

# कैबिनेट में बड़े फेरबदल की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। बिहार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद, बीजेपी अब मध्य प्रदेश सरकार पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां डॉ. मोहन यादव सरकार में बड़े कैबिनेट फेरबदल की प्रबल संभावना है। यह फेरबदल मंत्रियों के दो साल के कार्यकाल के प्रदर्शन मूल्यांकन पर आधारित होगा, जिसमें नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है और कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। चार मंत्री पदों के खाली होने और आगामी 2028 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर सभी राज्य मंत्रियों की प्रदर्शन रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।




यह रिपोर्ट चार विस्तृत मापदंडों पर आधारित है और इसे भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को सौंप दिया गया है। इस मूल्यांकन में मंत्रियों के विभागों में नवाचार और नई पहलों के कार्यान्वयन का आंकलन किया गया है। साथ ही, विकसित भारत संकल्प यात्रा सहित राज्य और केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं के प्रभावी निष्पादन को भी परखा गया है। मंत्रियों के बीच सरकार और पार्टी संगठन के बीच समन्वय और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं, अधिकारियों और जनता के साथ जुड़ाव का भी मूल्यांकन किया गया है। जिला-स्तरीय प्रदर्शन की भी बारीकी से जांच की गई है। मंत्रियों को उनके आवंटित जिलों में बिताए गए समय, विकास बैठकों में उनकी उपस्थिति, गांवों में रात्रि विश्राम और नागरिकों से सीधे जुड़ने के लिए आयोजित चौपालों के आधार पर आंका गया है। वर्तमान में 31-सदस्यीय कैबिनेट में चार मंत्री पद खाली हैं। इस रिपोर्ट के समय ने अटकलों को हवा दी है। संभावित कैबिनेट विस्तार या फेरबदल का उद्देश्य क्षेत्रीय संतुलन को संबोधित करना और 2028 के विधानसभा चुनावों से पहले सरकार को मजबूत करना है। केवल मंत्रियों पर ही नहीं, बल्कि विधायकों पर भी नजर रखी जा रही है। हाल ही में विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चार साल का विस्तृत विकास रोडमैप तैयार करने को कहा गया था। विधायक निधि के उपयोग, कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और स्थानीय मुद्दों के साथ जुड़ाव का भी मूल्यांकन किया गया है। इन रिपोर्टों को भी मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया जाएगा, जो दर्शाता है कि यह समीक्षा केवल कैबिनेट समायोजन से कहीं अधिक व्यापक है। मुख्यमंत्री से जब पूछा गया कि क्या रिपोर्ट तैयार होने के बाद फेरबदल होने की संभावना है, तो उन्होंने सावधानी से लेकिन महत्वपूर्ण जवाब दिया।

- बिहार चुनाव रिजल्ट को लेकर एमपी के गुना में हुई बहस

# दो मामाओं ने कर दी भांजे की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी। बिहार चुनाव के नतीजों पर राजनीतिक चर्चाओं से शुरू हुई बहस के बाद मध्य प्रदेश के गुना जिले में मामाओं ने भांजे की हत्या कर दी.**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना कैंट थाना इलाके स्थित पुलिस लाइन के निर्माणाधीन परिसर में हुई, जहां बिहार के शिवहर जिले का रहने वाला मजदूर शंकर मांझी (22) अपने मामा राजेश मांझी (25) और तूफानी मांझी (27) के साथ रह रहा था. पुलिस थाना प्रभारी अनूप भार्गव ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शंकर RJD का समर्थक था, जबकि दोनों आरोपी JD(U) के समर्थक थे. तीनों ने नशे में झगड़ा किया, जो मारपीट में बदल गया. कहा जाता है कि राजेश और तूफानी शंकर को पास के कीचड़ वाले इलाके में खींचकर ले गए और उसे नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस शंकर को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. भार्गव ने कहा कि राजेश और तूफानी को हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या की बात कबूल कर ली. मामला दर्ज कर लिया गया है.

लापरवाही बरतने वाले संस्थानों पर कार्रवाई करेंगे

# बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई से समझौता बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर ने सोमवार को सरकारी और प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ एक मीटिंग की। जिसमें स्टूडेंट्स से जुड़े प्रमुख विषयों स्कॉलरशिप, परिवहन व्यवस्था, किताबें, शिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म, फीस और अग्नि सुरक्षा पर बातचीत की।**



कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि स्टूडेंट्स के जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य, सुरक्षा या उनकी पढ़ाई से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा सामग्री और फीस से जुड़े विषयों पर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि फीस वृद्धि नियमानुसार ही की जाए, अनावश्यक शुल्क वसूली से बचा जाए। बच्चों से किताबें, कॉपियां या अन्य सामग्री किसी एक दुकान से खरीदने के लिए दबाव नहीं बनाया जाए और किसी भी प्रकार की मोनोपॉली नहीं हो। स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षित स्टाफ और वाहन फिटनेस अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। वाहन निर्धारित गति सीमा में चलें, सभी में अग्नि सुरक्षा के प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। सभी स्कूलों में फायर ऑडिट अनिवार्य होगा। स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण दिया जाए। स्टूडेंट्स और स्टाफ को आपदा के समय बचाव के लिए नियमित मॉक ड्रिल कराई जाए। स्कॉलरशिप से जुड़े मामलों का समय पर निराकरण के लिए भी कलेक्टर ने कहा है। वे बोले कि फीस के कारण किसी भी स्टूडेंट को क्लास, एग्जाम या टीसी देने से वंचित नहीं किया जाए। आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के साथ सामान्य स्टूडेंट्स की तरह ही व्यवहार किया जाए। आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों को 8वीं तक की निशुल्क शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य है। कलेक्टर ने सभी शिक्षण संस्थानों को शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सभी निर्धारित मानकों का कठोरता से पालन करने को कहा है। मीटिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# प्लॉट देखने सिमरोल गई महिला को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। खंडवा रोड पर रविवार को एक हादसे में महिला की मौत हो गई। वह अपने परिचित के साथ प्लॉट देखने गई थी। वापस आते समय उनकी बाइक को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक ट्रक जब्त कर लिया गया है। वहीं ड्राइवर की तलाश की जा रही है।**

सिमरोल पुलिस के मुताबिक घटना इलाके की है। यहां पर सड़क हादसे में संगीता( 45 )पति राजेश परमार निवासी कुमावत कॉलोनी जूनी इंदौर की मौत हो गई। जबकि उनके परिचित महेश घायल हुए है। परिवार ने बताया कि दोनों रविवार को सिमरोल इलाके में प्लॉट देखने आए थे। यहीं से वह बाइक से वापस इंदौर की तरफ आ रहे थे। तभी पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दौरान मौके पर ही संगीता की मौत हो गई। जबकि महेश इस हादसे में घायल हुआ है। संगीता के पति मैकेनिक का काम करते हैं। परिवार में एक बेटी है। महेश उनके पड़ोसी हैं जो मेडिकल का संचालन करते हैं। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

# कलेक्टर-निगम कमिश्नर तलब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बीआरटीएस तोड़ने का काम धीमी गति से चलने के मामले में लगी जनहित याचिका के मामले में सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें याचिकाकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि अभी तक बीआरटीएस तोड़ने का काम पूरा नहीं हुआ है जिससे ट्रैफिक काफी अव्यवस्थित हो गया है और परेशानी बढ़ती जा रही है। इस पर कोर्ट ने कलेक्टर और निगम कमिश्नर को 27 नवंबर को सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामले में पिछली बार इंदौर में ट्रक हादसे सहित अन्य ट्रैफिक के मुद्दे को लेकर चीफ जस्टिस के समक्ष इंदौर में सुनवाई हुई थी। इसके बाद इस मामले में सुनवाई को लेकर याचिकाकर्ता की ओर से एक आवेदन दिया गया था। इस पर सोमवार को सुनवाई हुई। इसमें बीआरटीएस को तोड़ने में हो रही लेतलाली के बारे में बताया। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई में कलेक्टर और निगम कमिश्नर को तलब किया है।

# नवजात की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

● ज्यादा पैसे वसूले और जब उसकी मौत हो गई तो एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कोरल अस्पताल में हुई नवजात की मौत को लेकर परिजन धरने पर बैठे हैं। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर डॉक्टरों ने गुमराह किया। ज्यादा पैसे वसूले और जब उसकी मौत हो गई तो एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया।

बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने शनिवार रात को भी अस्पताल में जाकर हंगामा किया था। रविवार को परिजनों ने बच्चे का अंतिम संस्कार किया। सोमवार दोपहर एक बजे परिजन और रिश्तेदार फिर कोरल अस्पताल पहुंच गए। यहां हंगामा करते हुए उन्होंने मौके पर डॉक्टर को बुलाने, केस की निष्पक्ष जांच और इलाज की राशि लौटाने की मांग की है। धरना रात तक जारी है। परिजन के साथ रिश्तेदार, संबंधी फिर अस्पताल पहुंचे और इलाज करने वाले डॉक्टर को बुलाने की मांग की है। बच्चे के पिता मोनू का आरोप है डॉक्टरों की लापरवाही से बच्चे की जान गई है। उन्होंने नवजात के दो एक्सरे बताए और कहा कि डॉक्टर गुमराह कर रहे हैं कि बच्चे के ऑर्गंस डेवलप नहीं हुए थे। जबकि पहले वाले एक्सरे में सारे ऑर्गन्स खुद डॉक्टर ने डेवलप बताए थे। बच्चे की मौत यहीं हो गई थी लेकिन टालने के लिए एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। हमें कहा कि वहां ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों की टीम तैयार है। तीसरी मंजिल पर पहुंचने के बाद बच्चे को रख दिया गया। एक घंटे तक इलाज ही शुरू नहीं किया। सूचना मिलने के बाद दोपहर को पुलिस मौके पर पहुंची तो परिजन ने उन्हें फिर सारी स्थितियों से अवगत कराया। पुलिस ने परिजन और डॉक्टर के बीच बातचीत कराने का प्रयास किया लेकिन नहीं हो सकी। अस्पताल की ओर से एक जूनियर डॉक्टर ने आकर उनकी बात सुनी। फिर कहा कि आपकी बात जल्दी ही करवाते हैं लेकिन फिर कोई नहीं आया। इसे लेकर परिजन अभी भी अस्पताल में ही धरने पर डटे हैं। महू निवासी श्रद्धा पति मोनू कौशल को गर्भावस्था में हार्ट बीट बढ़ने के कारण 23 अक्टूबर को महू के अस्पताल में एडमिट किया गया था। इस दौरान डॉक्टरों ने दोनों को खतरा बताया और 7वें माह में ही डिलीवरी कराने की सलाह दी। परिवार की सहमति के बाद डिलीवरी कराई गई लेकिन नवजात प्री-मेच्योअर हुआ। उसकी हालत कमजोर होने पर उसे न्यू पलासिया स्थित कोरल हॉस्पिटल में एनआईसीयू में एडमिट किया गया। तीन दिनों से उसकी हालत और कमजोर होती गई। शनिवार को स्थिति काफी खराब हो गई तो अस्पताल प्रबंधन ने परिजन को एमवाय अस्पताल रैफर करने की सलाह दी।

हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

# एसआईआर कार्यक्रम के चलते मतदाता-सूची पुनिरिक्षण निरस्त करें...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में SIR को लेकर पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने हाईकोर्ट की शरण ली है। कौशल ने एसआईआर प्रक्रिया को रोकने की मांग की है। इसमें शून्य पते पर फर्जी वोटर होने की बात को प्रमुखता से उठाया गया है। हाईकोर्ट ने इस सोमवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग से 26 नवंबर तक जवाब मांगा है।**

मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए मतदाता-सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने अभिभाषक विभोर खंडेलवाल एवं अभिभाषक जयेश गुरनानी के मध्यम से उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में याचिका दायर कर चुनौती दी है। याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला और बिनोद कुमार द्विवेदी ने मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश सरकार नगरीय प्रशासन विभाग, इंदौर कलेक्टर और इंदौर के सभी विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। सभी को 26 नवंबर को जवाब पेश करना है। मध्यप्रदेश निर्वाचन नियम-1994 के उपनियमों को त्रुटिपूर्ण है।पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जोड़ने और घटाने वाले मतदाताओं के आवेदनों को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इसके बजाय सीधे मतदाता सूची में संशोधन करना वोट-चोरी के प्रबल प्रमाण है।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों अनुसार, मतदान केंद्र नहीं बनाए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के विपरीत 1761 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से कम है। लगभग 475 मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की संख्या 500 से भी कम है। इंदौर की विधानसभा-5 के अंतर्गत वार्ड 50 का मतदान केंद्र क्रमांक 34 में तो मात्र 40 ही वोट है।अपात्र कर्मचारियों को सरकारी BLO बनाया जा रहा है। इस वजह से फर्जी वोटर जोड़े जा रहे हैं।इंदौर नगर निगम क्षेत्र में भवन क्रमांक शून्य पर हजारों मतदाताओं के नाम होने का उल्लेख है। इन्हें आपत्ति लेने के बाद भी नहीं सुधारा गया। हाईकोर्ट एडवोकेट विभोर खंडेलवाल और जयेश गुरनानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता-सूची पुनरीक्षण का कार्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और भारतीय संविधान के प्रावधानों अनुसार किया जाता है। लेकिन मध्यप्रदेश निर्वाचन नियम 1994 अंतर्गत मतदाता-सूची पुनरीक्षण किया जाना बताया गया है। जो विरोधाभासी है। हमने दोनों प्रक्रियाओं को रोकने की मांग की है।

# 12 दिसंबर को नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा रणजीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाबा रणजीत 12 दिसंबर को नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सुबह 5 बजे मंदिर से प्रभातफेरी निकलेगी, जिसमें लाखों भक्त शामिल होते हैं। इस बार मंदिर प्रबंधन 2 झांकियां भी तैयार कर रहा है। इसमें एक मंदिर में चल रही गतिविधियों से संबंधित रहेगी, जबकि दूसरी रामायण की प्रसंग से संबंधित रहेगी। जो प्रभातफेरी में शामिल होंगी। आयोजन को लेकर मंदिर के पुजारी व प्रबंधन के लोग पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों से मिलेंगे। चार दिन के इस आयोजन को लेकर तैयारियों का दौर



शुरू हो रहा है। मंदिर की परंपरानुसार इस साल भी प्रभातफेरी भव्य रूप में निकलेगी। बाबा रणजीत सुसज्जित रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे। मंदिर के पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि चार के आयोजन की शुरुआत 9 दिसंबर से होगी। 9 दिसंबर को कलेक्टर ध्वजारोहण कर आयोजन की विधिवत रूप से शुरुआत करेंगे। 10 दिसंबर को मंदिर में दीपोत्सव और भजनसंध्या का आयोजन होगा। जिसमें मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में दीपक लगाए जाएंगे। यहां भक्त अपने घरों से भी दीपक लेकर आते है और मंदिर में लगाते हैं।

# महू में ठगी कर हैदराबाद में छिपा था अल फलाह यूनिवर्सिटी के मालिक का भाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महू में करीब 25 साल से फरार चल रहे एक बड़े ठगी के मामले में पुलिस ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी का भाई हमूद सिद्दीकी को 25 साल बाद हैदराबाद से गिरफ्तार किया है।**

ग्रामीण एसपी योगचेन डोलकर भूटिया ने बताया, कि महू थाना क्षेत्र में 25 साल से फरार चल रहा इनामी आरोपी हमूद सिद्दीकी को पुलिस ने





हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर वर्ष 2000 में धोखाधड़ी (420) सहित तीन गंभीर अपराध दर्ज थे, जबकि 1988 और 1989 में राइटिंग और 307 के मामले भी पंजीकृत हुए थे। आरोपी पर वर्ष 2019 में पुलिस ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इसी के तहत चार सदस्यीय टीम हैदराबाद भेजी गई, जिसने उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस पुराने इनामी और फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चला रही है। एसपी ने बताया कि करीब 50 वर्षीय हमूद सिद्दीकी हैदराबाद के गाचीबोली इलाके में शेयर मार्केटिंग और इन्वेस्टमेंट से जुड़ी अपनी निजी कंपनी चलाता था, जिसमें वह खुद एमडी और चेयरमैन के पद पर था। महू का रहने वाला हमूद वर्ष 1995-96 के दौरान अल - फहद फिनकॉम लिमिटेड नाम की एक इन्वेस्टमेंट कंपनी भी संचालित करता था। कंपनी में वह उसकी पत्नी और एक परिचित बतौर बोर्ड मेंबर शामिल थे। इस फर्म के जरिए लोगों से करीब 20% का लालच देकर लाखों रुपए की ठगी की गई। पुलिस के अनुसार फिलहाल लगभग 40 लाख रुपए के गबन की शिकायतें सामने आई है और तीसरे वर्ष में वह परिवार सहित फरार हो गया था।

# 7 माह की गर्भवती झुलसी महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेंद्र नगर में एक माह पहले आग से झुलसी नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह 8 अक्टूबर को जल गई थी और उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था।**

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, आरती (27) पति अजय, निवासी बुद्ध नगर, को जलने के कारण चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी सोमवार दोपहर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरती की फरवरी 2025 में शादी हुई थी। वह 8 अक्टूबर को जल गई थी। परिवार के लोगों ने बताया कि वह 7 माह से गर्भवती थी। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि वे महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। आरती का पति अजय किराना मॉल में काम करता है। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि उनसे आरती को बात नहीं करने देते थे। एक माह पहले उसे बहन के यहां देवास जाना था। इसे लेकर ससुराल में सास व अन्य लोगों ने मना किया था। इसके बाद घर में विवाद हुआ था। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि उसे ससुराल के लोगों ने जलाया था। फिलहाल आरोपों के आधार पर राजेंद्र नगर पुलिस जांच कर रही है।

# अवैध संबंधों के विवाद में हत्या, एक आरोपी को उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पुलिस द्वारा डेड बॉडी दिखाई तो गोपाल द्वारा मृतक की पहचान अपने पिता प्रमोद सिंह राजपूत (46) के रूप में की। गोपाल ने बताया कि 14 दिसंबर 2019 को शाम 7 बजे उसके पिता प्रमोद सिंह को घर से पिट्टू उर्फ नवीन कुशवाह बुलाकर ले गया था। जांच में यह भी पता चला कि पिट्टू की बहन से गोलू के पिता प्रमोद सिंह के अवैध संबंध थे।**

इसी महिला के संबंध आर्यन सरदार से भी थे तो इसलिए वह गोलू के पिताजी के साथ नहीं रहना चाहती थी। इसी बात को लेकर पूर्व में भी पिट्टू और आर्यन सरदार ने प्रमोद सिंह को जान से मारने की धमकी दी थी। पिट्टू ने ही महिला के साथ मिलकर गोलू के पिता प्रमोद सिंह की हत्या की। जांच के बाद पुलिस ने पिट्टू उर्फ नवीन कुशवाह, आर्यन सिंह सरदार और महिला के खिलाफ हत्या, षड्यंत्र आदि धाराओं में केस दर्ज किया और कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में मामला 5 साल तक चला। 14 नवंबर को कोर्ट ने आरोपी आर्यन सिंह उर्फ रितेश दीवान को दोषी पाते हुए उम्रकैद से दंडित किया। मामले में पिट्टू और महिला के खिलाफ पुलिस ठोस सबूत नहीं जुटा सकी। इसके चलते कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह वास्कले ने की।

## सोना चांदी कारीगर की मौत

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में रविवार शाम एक हादसे में एक सोना चांदी कारीगर की मौत हो गई। जबकि इस हादसे में भतीजा और दोस्त घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक सुपर कारिडोर पर हुए सड़क हादसे में सोना चांदी कारीगर अमित(44) पुत्र आलोक जाना निवासी रुक्मणी नगर की मौत हो गई। जबकि इस हादसे में उनके दोस्त सुब्रत और भतीजा शशांक घायल हुए हैं। अमित मूल रूप से कलकता के रहने वाले हैं। लोडिंग वाहन ने लापरवाही से वाहन चलाकर उनकी बाइक को टक्कर मारी थी। जिसमें मौके पर ही अमित ने दम तोड़ दिया। रविवार को छुट्टी होने से वह भतीजे शशांक को लेकर घूमने निकले थे। हालांकि लोगों ने लोडिंग वाहन को रोक लिया था।

## प्रेस्टीज कॉलेज के 3 ड्राइवर शराब पीकर बस चलाते मिले, एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुलिस लगातार शराब पीकर वाहन चलाने वाले गाड़ी ड्रायवरों पर कार्रवाई कर रही है। इसी के चलते प्रेस्टीज कॉलेज के तीन बस ड्रायवरों पर कार्रवाई की गई। ये तीनों शराब पीकर बस चला रहे थे। इस पर FIR दर्ज की गई है। दरअसल, 14 नवंबर की रात में लसूड़िया इलाके में रात में वाहन चेकिंग के दौरान सत्य साईं चौराहा बॉम्बे हॉस्पिटल रोड पर गुजराती स्कूल के सामने स्टॉपर लगाकर चेकिंग की जा रही थी। सत्य साईं चौराहा की ओर से तीन पीले रंग की बसें तेज गति और लापरवाही से आती दिखीं। बसों में छात्र एवं छात्राएं बैठे हुए थे। ये बसें प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी की थीं, जो 'मंथन' प्रोग्राम से सभी को वापस घर छोड़ने जा रही थीं। बस नंबर MP09FA8073 के ड्राइवर संतोष पुत्र हरिशंकर डांगे (निवासी रुस्तम का बगीचा), दूसरी बस नंबर MP09 DP 3158 के ड्राइवर योगेश पुत्र राजू उईके (निवासी ईश्वर नगर), और बस नंबर MP09 PD 3147 के ड्राइवर गजराज पुत्र मानसिंह नट (निवासी ग्राम सतलाना, थाना सांवेर) को ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब पिए हुए नशे की हालत में पाया गया। उनके खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव की धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर बसें जब्त की गईं। स्कूल बस को शराब पीकर चलाने के मामले को गंभीरता से लिया गया और थाना लसूड़िया पर बस ड्राइवरों के खिलाफ मामले (1445/2025, 1446/2025 एवं 1447/2025) धारा 281 भारतीय न्याय संहिता एवं 184, 179 मोटर वाहन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस ने माना कि स्कूल बस को शराब पीकर चलाना एवं उसमें छात्र-छात्राओं का परिवहन करना किसी भी समय गंभीर घटना घटित कर सकता था।




# जहरीली शराब से 24 मौत, 14 लोगों को 10-10 साल सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना जिले के बहुचर्चित छैरा जहरीली शराब केस में कोर्ट ने पांच साल बाद फैसला सुनाया है। जौरा कोर्ट ने 14 आरोपियों को दस-दस साल की सजा सुनाई है। 11 आरोपियों पर 1 लाख 32 हजार रुपए का जुर्माना और 3 आरोपियों पर 1 लाख 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। 10 जनवरी 2021 को हुई इस घटना में 24 लोगों की मौत हुई थी। दरअसल, छैरा मानपुर गांव के कई लोगों ने सस्ती लोकल शराब जमकर पी थी। इस जहरीली शराब को पीने से एक-एक कर तीन दिन में कुल 24 ग्रामीणों की मौत हुई थी। जहरीली शराब पीने से पहले लोगों की आंखों की रोशनी गई और फिर उनकी जान चली गई थी। इस मामले में पुलिस ने 14 लोगों पर एफआईआर दर्ज की थी। पांच साल बाद जौरा के अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रजीत रघुवंशी की कोर्ट ने सारे आरोपों को सही पाया और सजा का ऐलान किया। इस मामले में दोषी साबित हुए मुकेश, राहुल, गिर्राज उर्फ गजराज, प्रदीप राठौर, ब्रजमोहन उर्फ कल्ला, सुरेंद्र, अंतराम, दिनेश करतार, मनजीत और सतीश इन सभी को दस-दस साल की सजा एवं 1 लाख 32 हजार का जुर्माने की सजा हुई है। वहीं, आरोपी मनमोहन, खुशी लाल, रामवीर को दस-दस साल सजा के साथ कुल 1 लाख 7 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

# अभ्यर्थियों को 700 किमी दूर तक भेज रहे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (ESB) द्वारा आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के परीक्षा केंद्र आवंटन को लेकर अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। उम्मीदवारों ने आरोप लगाया है कि आवेदन के दौरान नजदीकी शहरों को प्राथमिकता देने के बावजूद उन्हें अत्यधिक दूर जिलों में केंद्र दे दिए गए हैं, जिससे परीक्षा में शामिल होना मुश्किल हो गया है। अधिकांश उम्मीदवारों ने इंदौर, उज्जैन, खंडवा, भोपाल जैसे नजदीकी परीक्षाकेन्द्र विकल्प चुने थे, लेकिन उन्हें रीवा, सतना और सिंगरौली जैसे पूर्वी जिलों में केंद्र आवंटित किए गए हैं। कई अभ्यर्थियों के लिए यह दूरी 700 से 750 किलोमीटर तक पहुंच रही है। एक अभ्यर्थी ने बताया कि उसके घर से रीवा का परीक्षा केंद्र 732 किमी दूर है और आर्थिक तथा शारीरिक रूप से यह यात्रा बेहद चुनौतीपूर्ण है। कई अभ्यर्थियों ने ESB को ईमेल, हेल्पलाइन और पोर्टल के माध्यम से शिकायतें भेजी हैं और परीक्षा केंद्रों की समीक्षा की मांग की है। लेकिन बोर्ड के अधिकारी इस पर कोई प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं, जिससे नाराजगी और बढ़ गई है।

# आलमी तब्लीगी इज्तिमा का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में चल रहे आलमी तब्लीगी इज्तिमा का समापन सोमवार को दुआ-ए-खास के साथ हुआ। इस मौके पर मौलाना साद साहब ने भावुक माहौल में खास दुआ करवाई। उन्होंने दुआ में गुनाहों की माफी की गुजारिश की और कहा कि इंसानियत पर रहम बरसाया जाए। उन्होंने इंसान और इंसानियत को तवज्जो देने, एक-दूसरे से मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहने की ताकीद की। मौलाना साद ने दुआ में मुसलमानों को हक पर कायम रहने की तौफीक देने की अरज की। उम्मत के दिलों में रहमत और नरमी पैदा होने के लिए भी दुआ की। उन्होंने कहा कि हमें हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नतों पर चलने वाला बना, हमारे सब्र को मंजूर फरमा।

**भोपाल में मनाया गया 29वां राज्यस्तरीय युवा उत्सव**

# युवाओं के हाथों में ही सुरक्षित है विकसित भारत का भविष्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश के सबसे युवा राज्यों में से एक है। हमारा प्रदेश युवा शक्ति की नई ऊर्जा, नई उमंग से भरपूर है। यही राज्य की असली मैनपावर है, जिनके हाथों में विकसित भारत का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2025 को निवेश, रोजगार और युवाओं के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण वर्ष के रूप में मनाया। इस दौरान 11 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। कर्मचारी चयन मण्डल एवं म.प्र. लोक सेवा आयोग के माध्यम से लगभग एक लाख पदों पर भर्ती तेजी से जारी है। सरकार का लक्ष्य इसे 2.5 लाख भर्तियों तक पहुंचाने का है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी संभागों के युवाओं द्वारा तैयार प्रादर्शों (माडल्स) के विज्ञान मेला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। युवा उत्सव का समापन 18 नवंबर को होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नृत्याचार्य पद्मश्री श्री रामलाल बरेठ को 51 हजार रुपए, शूटिंग प्लेयर श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को 2 लाख रुपए एवं एथलीट सुश्री रंजना यादव को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां तुझे प्रणाम योजना के तहत 144 युवतियों को भारत की पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण के लिए जा रहीं 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# ओंकारेश्वर में अब तक का सबसे बड़ा बंद, हजारों श्रद्धालुओं हुए परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर, एजेंसी।** ममलेश्वर लोक निर्माण का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। लोक का स्थान बदलने के लिए कई दिनों से आंदोलन चल रहा है, इसी कड़ी में सोमवार को ओंकारेश्वर बंद का आह्वान किया गया था। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर के इतिहास में पहली बार ब्रह्मपुरी, शिवपुरी और विष्णुपुरी क्षेत्रों में ऐसा स्वैच्छिक बंद देखने को मिला। मानो पूरा नगर लॉकडाउन में हो। तीनों पुरियों में सन्नाटा पसरा रहा। हजारों की संख्या में आए श्रद्धालु पीने के पानी, चाय–नाश्ते और भोजन तक के लिए तरस गए। नगर में टेंपो, नाव संचालन, दुकानें, सब कुछ ठप।

सिर्फ दूध, दवाइयां और सब्जी जैसी अत्यावश्यक दुकानों को थोड़ी देर के लिए खोला गया, लेकिन आंदोलन की गंभीरता देखते हुए उन्होंने भी बाद में दुकानें बंद कर दीं। भगवान ओंकारेश्वर–ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए दूर–दूर से आए श्रद्धालु यही पूछते रहे —पूरा ओंकारेश्वर बंद




क्यों है? पीने के लिए पानी तक नहीं मिल रहा! नगर के इतिहास में इतनी व्यापक स्तर पर श्रद्धालुओं को परेशानी शायद कभी नहीं झेलनी पड़ी।

ब्रह्मपुरी स्थित नर्सिंग टेकरी आश्रम लगभग 300 वर्ष पुराना है। संत सेवा के इस प्रमुख केंद्र के महंत श्यामसुंदर दास त्यागी (75 वर्ष) ने कहा कि हमारे गुरुओं की नौ पीढ़ियां इस आश्रम से जुड़ी रही हैं। पूरे भारत में हमारे हजारों आश्रम हैं। यह स्थान हमारी आत्मा है। अगर सरकार ने आश्रम को हटाने की कोशिश की, तो देशभर के संत यहां पहुंचेंगे। हम सदियों से समाज सेवा करते आए हैं, पर मठ–मंदिर टूटे—यह स्वीकार नहीं। ओंकारेश्वर पंडा संघ के अध्यक्ष पंडित नवल किशोर शर्मा ने कहा कि हम ममलेश्वर लोक निर्माण के विरोधी नहीं हैं। पर आज का बंद सिर्फ एक मांग को लेकर है कि निर्माण स्थल बदलें। कुबेर भंडारी मंदिर के पास खाली भूमि है, वहीं ममलेश्वर लोक बनाया जाए।

# दो बाइक की टक्कर, दो भाई गंभीर घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी।** जिले के थांदला के पास खजूरी स्थित गट्टू घाटी के पास दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दोनों भाई अपनी बेटियों की शादी की पत्रिका बांटकर कुशलगढ़ से थांदला लौट रहे थे। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, थांदला निवासी कालूराम प्रजापत और उनके भाई नंदू प्रजापत कुशलगढ़ से अपनी बेटियों की शादी की पत्रिका बांटकर वापस आ रहे थे। शाम करीब 5 बजे खजूरी के समीप गट्टू घाटी के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई।

# ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक को हाईकोर्ट से राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी को हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने उनके खिलाफ मानहानि के प्रकरण में एमपी-एमएलए कोर्ट भोपाल द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। एकलपीठ ने अनावेदक को नोटिस जारी करते हुए याचिका पर अगली सुनवाई 8 दिसम्बर निर्धारित की है। गौरतलब है कि नवंबर 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक ने भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इसके कारण आकाश विजयवर्गीय ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

# ब्लाइंड क्रिकेट खिलाड़ियों को दी जाएंगी सभी सुविधाएँ : मंत्री श्री कुशवाह

## 20 ब्लाइंड खिलाड़ियों को प्रदान की गईं क्रिकेट किट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि ब्लाइंड क्रिकेट खिलाड़ियों को साधन, सामान और सुविधाओं की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह बात ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा चयनित 20 खिलाड़ियों को क्रिकेट किट वितरण कार्यक्रम में कही।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में ब्लाइंड खिलाड़ियों को क्रिकेट के साथ-साथ अन्य खेल फुटबॉल, चैस आदि से भी जोड़ा जाएगा। इसके लिये सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग समाज कल्याण के क्षेत्र में संलग्न स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग भी लेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें अवसर उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समृद्ध भारत के नारे को साकार रूप तभी प्राप्त हो सकता है, जब दिव्यांगजन भी सशक्त और समृद्ध हो सकें। उन्होंने ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। एसोसिएशन के सदस्य डॉ. राजीव जैन ने बताया कि ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 3 से 9 नवम्बर तक ग्वालियर में ब्लाइंड क्रिकेट खिलाड़ियों की चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उन्हीं चयनित 35 खिलाड़ियों को मंत्री श्री कुशवाह की ओर से क्रिकेट किट प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में 8 राज्यों के ब्लाइंड खिलाड़ियों की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## संपादकीय

# बिहार में कौन बनेगा उप-मुख्यमंत्री

कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य में कौन बनेगा उप-मुख्यमंत्री का खेल शुरू हो गया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम के 200 पार होते ही सीएम पद को लेकर 'नो वैकेंसी' का बोर्ड लग गया। अब उप-मुख्यमंत्री के 'खेल' में जाति संतुलन का भी कीड़ा काट रहा है तो जेंडर का भी। पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों का ही ट्रंपकार्ड महिलाएं हैं। अब इन दोनों की सोच को साधते हुए क्या समीकरण सामने आता है, उसका खुलासा लगभग 19 नवंबर को हो जाएगा। अब चर्चा किस-किस के दरवाजे दस्तक दे रहा है, जानते हैं... केंद्र भाजपा के सूत्रों की माने तो महिला को लेकर इस बात को लेकर मंथन हो रहा है कि इस बार महिला कार्ड से या तो सवर्ण या पिछड़ा/अतिपिछड़ा दोनों की कार्ड खेला जाए। यानि एक टिकट पर दो खेला। इस लिहाज से सवर्ण और महिला दोनों को एक कार्ड से लेने की दृष्टि से श्रेयसी सिंह का नाम आ रहा है। वहीं दूसरी तरफ पिछड़ा और महिला कार्ड को ध्यान में रख कर जिस महिला विधायक पर पार्टी दाव खेल सकती है, उस विधायक का नाम रमा निषाद है। अगर पुरुष में पिछड़ा को देना होगा तो उनमें पाटलिपुत्र के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव का नाम आता है। दूसरा नाम वर्तमान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम आता है। ये पहले भी उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। और वर्तमान विधानसभा चुनाव का नेतृत्व भी इन्होंने ही किया था। सवर्ण में दो नाम काफी तेजी से परवान पा रहे हैं। इनमें एक नाम पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का नाम आ रहा है। मंगल पांडेय का अच्छा संबंध रहा है। अगर सीएम नीतीश कुमार से लिया गया तो मंगल पांडेय को फेवर कर सकते हैं। सवर्ण से पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा का भी नाम चला, पर उनके बारे में विधानसभा अध्यक्ष बनने की बात चल रही है। सवर्ण में उप मुख्यमंत्री के रूप में विधायक रजनीश कुमार की चर्चा भी हो रही है। ये पार्टी के सचेतक भी रहे हैं। ये बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन में भी रहे हैं। दिल्ली लॉबी से इनके नाम की चर्चा है।

## Health is Wealth

**सोशल मीडिया का दावा**

# बर्फ के पानी से माइग्रेन गायब जानें एक्सपर्ट की पूरी सच्चाई

इन दिनों सोशल मीडिया पर एक रील तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया गया है कि बर्फ के पानी में हाथ डालने से माइग्रेन के सिरदर्द से राहत मिलती है। लाखों लोग सोशल मीडिया पर इस नुस्खे को आजमा रहे हैं। लेकिन यह नुस्खा असरदार है या फिर सिर्फ एक ट्रेंड है। इस दावे की आज हम आपको सच्चाई बताने जा रहे हैं। एक्सपर्ट की मानें, तो यह घरेलू उपाय कई लोगों के लिए कारगर साबित हो, बशर्ते इस नुस्खे को सही तरीके से अपनाया जाए।



अगर आपको भी अक्सर माइग्रेन का दर्द घेर लेता है, माइग्रेन में न सिर्फ सिरदर्द होता है, बल्कि दिन भर की ऊर्जा और मूड दोनों पर बुरा असर डालता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि सिर्फ बर्फ के ठंडे पानी में हाथ डालने से माइग्रेन का दर्द मिनटों में कम हो सकता है। हालांकि यह सुनकर आपको थोड़ा सा अजीब लग सकता है। बर्फ का ठंडा पानी शरीर की नसों को अस्थायी रूप से संकुचित कर देता है, जिससे सिर का ब्लड फ्लो और प्रेशर कम होता है।

यह उपाय न सिर्फ माइग्रेन का दर्द घटाता है बल्कि दिमाग के दर्द को भी डाइवर्ट करके रिलैक्सेशन सिग्नल भेजता है। यही कारण है कि कई महिलाएं इस घरेलू उपाय को 'नेचुरल पेनकिलर थेरेपी' भी कहा जाता है। अगर आप भी माइग्रेन के दर्द से परेशान हैं और आप बिना दवा के राहत पाना चाहती हैं, तो यह तरीका फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि यह उपाय कैसे काम करता है और इसको अपनाने का सही तरीका क्या है।



### ● ब्लड वेसल्स का संकुचन


1. जब भी आप अपने हाथों को ठंडे पानी में डालते हैं, तब शरीर की ब्लड वेसल्स सिकुड़ने लगती है। इसको Vasoconstriction बोला जाता है।
2. माइग्रेन के दौरान सिर की नसें फैल जाती हैं, जिससे ब्लड फ्लो और प्रेशर बढ़ता है और दर्द होता है।
3. हाथों की नसों के सिकुड़ने से शरीर का सर्कुलेशन थोड़ा बदल जाता है, इससे सिर का प्रेशर कम होता है और दर्द घटने लगता है।

### ● ब्रेन का ध्यान भटकाना

1. जब शरीर ठंडे पानी का तीव्र स्पर्श करता है, तो यह ब्रेन को नया सिग्नल भेजता है।
2. फिर ब्रेन दर्द पर नहीं सिर्फ उस ठंडक पर फोकस करता है।
3. यह एक तरह की नेचुरल डिस्ट्रैक्शन थेरेपी है।
4. इस नुस्खे से दिमाग को अस्थायी राहत मिलती है और माइग्रेन का असर कम हो जाता है।

### ● 'फील गुड' हार्मोन्स का स्राव

1. बता दें कि जब बॉडी अचानक से ठंड के संपर्क में आता है, तो यह एंडोर्फिन्स हार्मोन रिलीज करता है। जोकि शरीर के नेचुरल पेनकिलर कहलाते हैं।
2. एंडोर्फिन्स हार्मोन दर्द को कम करने के साथ मूड सुधारने और शरीर को रिलैक्स करने में सहायता करता है।
3. इस उपाय को करने से न सिर्फ माइग्रेन बल्कि तनाव और थकान में भी राहत मिलती है।



### ● इस्तेमाल का सही तरीका

1. एक बर्तन या टब में ठंडा पानी लें और इसमें बर्फ के टुकड़े डालें।
2. इसके बाद दोनों हाथों को कलाई या फिर कोहनी तक पानी में डुबोएं।
3. अब एक मिनट से 5 मिनट तक हाथों को पानी में डुबोकर रखें।
4. अगर इस दौरान आपको सिरदर्द में राहत महसूस हो, तो हाथ बाहर निकाल लें और शरीर को धीरे-धीरे गर्म होने दें।
5. इस नुस्खे को आप माइग्रेन के शुरूआती लक्षण महसूस होते आजमा सकती हैं।

### बरते ये सावधानियां

1. बर्फ के पानी में अधिक देर तक हाथ न रखें, वरना इससे स्किन में सुन्नपन या फिर जलन महसूस हो सकती है।
2. वहीं अगर आपको कोल्ड एलर्जी या ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो पहले डॉक्टर की सलाह लें।
3. वहीं बच्चों या बुजुर्गों को यह नुस्खा नहीं करना चाहिए।

New Delhi

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े 25 ठिकानों पर ईडी की रेड, दिल्ली लालकिला ब्लास्ट से जुड़े तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली लालकिला ब्लास्ट को लेकर जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसियों ने मंगलवार सुबह अल-फलाह यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े व्यक्तियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई सुबह 5 बजे से एक साथ कई स्थानों पर शुरू हुई। जांच एजेंसियों को दिल्ली ब्लास्ट और फरीदाबाद से बरामद विस्फोटकों से यूनिवर्सिटी का लिंक मिला है, जिसके बाद अल-फलाह के खिलाफ ताबड़तोड़ ऐक्शन जारी है।

ये कार्रवाई विश्वविद्यालय, उसके ट्रस्टीज और उससे जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है। एजेंसी ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले



में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया है।

छापेमारी के दौरान ED की टीम ने यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी से भी पूछताछ शुरू कर दी है, जो पिछले कुछ दिनों से लापता बताए जा रहे थे। विशेष इनपुट के आधार पर टीम सुबह 5 बजे उनके घर पहुंची और वहीं उनसे पूछताछ शुरू की। सिद्दीकी के घर पर भी तलाशी जारी है। ED की रेड यूनिवर्सिटी के दिल्ली मुख्यालय और ट्रस्टियों से जुड़े कई ठिकानों पर की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने कुछ दिन पहले ही अल-फलाह यूनिवर्सिटी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के दो अलग-अलग FIR दर्ज की थीं। ये केस यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) की शिकायत पर दर्ज हुए।

Uttarpradesh

### 55 दिन खुली हवा में सांस...

## अब फिर सलाखों के पीछे भेजे आजम खां, रामपुर की जेल में बैरक नंबर एक नया ठिकाना



**रामपुर, (एजेंसी)** 55 दिन खुली हवा में सांस लेने के बाद सपा नेता आजम खां को रामपुर जेल भेज दिया गया। पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम इसी साल 25 फरवरी को हरदोई जेल तो आजम खां 23 सितंबर को सीतापुर जेल से छूटे थे लेकिन दो पैनकार्ड मामले में अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद दोनों को फिर जेल भेज दिया गया। सपा नेता आजम खां रामपुर विधानसभा सीट से दस बार विधायक रहे चुके हैं। वह प्रदेश में चार बार कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। इसके अलावा को 2019 में रामपुर संसदीय सीट से लोकसभा का चुनाव जीते थे और एक बार वह राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं। उनकी पत्नी डॉ. तज़ीन फात्मा भी विधायक और राज्यसभा सदस्य रही हैं। उनके पुत्र अब्दुल्ला वर्ष 2017 में विधायक तो बन गए लेकिन उम्र के विवाद में हाईकोर्ट ने उनकी विधायकी निरस्त कर दी। अब्दुल्ला 2022 में फिर से स्वार सीट से विधायक बने थे। दरअसल शैक्षिक प्रमाणपत्रों में अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि 01 जनवरी 1993 है। इसके हिसाब से वह 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान न्यूनतम आयु की सीमा को पूरा नहीं करते थे। ऐसी स्थिति में उन्होंने अपनी जन्म तिथि 30 सितंबर 1990 बताकर चुनाव लड़ा। वर्ष 2017 में जब अब्दुल्ला ने सपा के टिकट पर चुनाव जीता था तो उनके मुकाबले बसपा के प्रत्याशी रहे नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने उनके निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनावी याचिका दायर की थी।

Haryana

## दूल्हे के चाचा को महिला डांसर ने पीटा, गलत तरीके से छूने पर जड़ा थप्पड़... बवाल

**नूंह, (एजेंसी)** हरियाणा के नूंह जिले के तावडू खंड के गांव पचगांव में एक स्टेज प्रोग्राम में दो महिला डांसरों को उस वक्त अपनी जान बचाना भारी पड़ गया, जब स्टेज पर दर्जनों लोगों ने चढ़कर डांसरों के साथ मारपीट की. जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा. विवाद महिला डांसर को छूने और उसके साथ अश्लील हरकतें करने को लेकर हुआ. अपने आप को भीड़ से घिरा देख महिला डांसरों ने स्टेज से भागकर जान बचाई. हालांकि इस मारपीट के दौरान एक महिला डांसर को कुछ चोट भी आई है. जानकारी के मुताबिक गांव पचगांव में एजाज पुत्र लल्लू ने अपनी शादी से एक दिन पहले गांव में मनोरंजन के लिए तीन मेवाती डांसरों को बुलाया था. रविवार की रात गांव में मेवाती गाने पर रंगारंग कार्यक्रम चल रहा था. डांसर पायल चौधरी स्टेज पर डांस कर रही थी. इसी दौरान एजाज का चाचा डांसर के पास आया और अश्लील हरकतें करने लगा. इस पर डांसर नाराज हो गई और स्टेज पर दूल्हे के चाचा को थप्पड़ मार दिया.

Bihar

## चुनाव आयोग पर सवाल, बिहार में EVM पर बवाल

### अब इस चर्चित नेत्री ने शुरू की मुहिम

**पटना, (एजेंसी)** बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरी बार करारी हार झेलने वाली द प्लुरल्स पार्टी की प्रमुख पुष्पम प्रिय चौधरी ने अब ईवीएम पर ही सवाल उठा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे गृह जिले में ईवीएम की पोल खुल चुकी है। हर दिन दरभंगा के अनेक वोटर फ़ोन कर रहे हैं, मिलने आ रहे हैं। मैं ख़ुद हर बूथ पर आपसे मिलने आऊंगी। पुष्पम ने दावा किया कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। वोट चोरी की गई है। इसीलिए इस बार वह ईवीएम की पोल खोल कर रहेंगी। पुष्पम प्रिया चौधरी ने कहा कि दरभंगा के सभी प्रबुद्ध वोटरों से अपील किया है कि वह मुझे संपर्क कर बताएं कि किस बूथ, वार्ड या पंचायत में उन्होंने मुझे वोट किया था। एक फॉर्म सारे वोटर को भेजा जा रहा है। न्यायालय और वैधानिक सारे रास्ते अख़्तियार किए जाएंगे। लेकिन, सबसे बड़ी अदालत तो जनता की ही



अदालत है। चलिए दरभंगा को चोरों से मुक्ति दिलाते हैं और देश का लोकतंत्र बचाते हैं। इससे पहले पुष्पम प्रिया ने दावा किया था कि दरभंगा के किसी भी बूथ पर आज पेपर बैलेट से चुनाव करा लें। यदि उसका वोट ईवीएम पर आए वोट के बराबर रहा या निकट भी रहा तो मैं राजनीति छोड़ दूंगी। ईवीएम में वोट चुराने से पहले नॉन-बिहारी एजेंट को जानकारी नहीं दी गई कि इस शहर में 50 साल से राजनीति कर रहे मेरे परिवार के ही हज़ारों वोट हैं।

खेल

### निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

# गुरप्रीत को 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में रजत, भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरूनी हिस्सा) के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था।

भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत



और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया। गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलोव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में मारे। उन्होंने अंतिम रैपिड दौर में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। गुरप्रीत प्रिसिजन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के साथ नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष रह मौजूद रहे यूक्रेन के निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक हासिल करके गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकर खिताब जीता। प्रिसिजन चरण में हरप्रीत सिंह 291 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए पदक की दौड़ में थे लेकिन रैपिड चरण में 286 अंक ही बना पाए और नौवें स्थान पर रहे।

एक अन्य भारतीय निशानेबाज साहिल चौधरी कुल 561 अंक (प्रिसिजन – 272 और रैपिड – 289) के कुल स्कोर के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों भारतीय निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर पांचवें स्थान पर रहे। भारत के लिए सम्राट राणा (10 मीटर एयर पिस्टल) और रविंदर सिंह (50 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम) ने स्वर्ण पदक जीते। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन पुरुष), अनीश भानवाला (25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल), गुरप्रीत सिंह (25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल), ईशा सिंह और सम्राट राणा (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम, 10 मीटर महिला एयर पिस्टल टीम और 50 मीटर पुरुष स्टैंडर्ड पिस्टल टीम) ने रजत पदक हासिल किए।

सिनेमा

## 120 बहादुर का नाम नहीं बदलेगा, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका




फरहान अख्तर की फिल्म 120बहादुर के नाम को लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे थे। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर का नाम बदलने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। फिल्म का नाम बदलकर '120 वीर अहीर' करने की मांग वाली याचिका पर सोमवार 17 नवंबर को अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता से सवाल पूछे और उन्हें बताया कि यह फिल्म उन सभी 120 सैनिकों को सम्मानित करने के लिए है जिन्होंने रेजांग ला की ऐतिहासिक लड़ाई में लड़ाई लड़ी थी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक चीफ जस्टिस ने कहा कि आप इतने सेंसिटिव क्यों हो इस चीज को लेकर कि क्या नाम आगे लेकर जाना चाहिए या फिल्म का क्या नाम होना चाहिए, ऐसा क्यों? सैनिकों की बहादुरी उस तीन घंटे या ढाई घंटे की फिल्म में दिखाई जाएगी। एक्सेल एंटरटेनमेंट (फिल्म के निर्माता) को रिप्रेजेंट कर रहे वकील अभिनव सूद ने अदालत को यह भी बताया कि सीबीएफसी (केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड) और रक्षा मंत्रालय दोनों ने फिल्म को मंजूरी दे दी है। उन्होंने जनहित याचिका को लेकर दावा किया कि यह सिर्फ 3 मिनट के ट्रेलर पर आधारित है। उन्होंने अदालत को यह भी आश्वासन दिया कि फिल्म के क्रेडिट और कथा में सभी 120 सैनिकों का जिक्र होगा। 120 बहादुर फिल्म की बात करें तो इसमें 13 कुमाऊं रेजिमेंट के 120 भारतीय सैनिकों की बहादुरी को दिखाया जाएगा।

## Highlights

1. Rohini's rights equal to brothers: Chirag on 'married women' post
2. A serious matter if a doctor turns into a suicide bomber: Mufti
3. India launches study on plastic food packaging safety
4. In a 1st, Amit Shah writes letter to Kerala MP in Malayalam
5. BJP leader condemns murder of RSS leader's son
6. Scandal unfolding: BJP on K'taka's ₹600 cr sweeping machines plan

# Gold holds three-day decline as expectations of another US Fed rate cut weaken

**NEW DEIHI, (Agency).** Gold prices held a three-day drop, hurt by fading expectations for another rate cut by the US Federal Reserve next month.

Gold traded near $4,034 an ounce, after losing almost 4% over the prior three sessions. The spot gold was 0.3% lower at $4,033.75 an ounce at 10:40 am in Singapore. The Bloomberg Dollar Spot Index was flat. Silver and palladium fell, while platinum edged higher.

With investors awaiting a backlog of data after the US government shutdown, several Federal Reserve officials have cautioned against another cut, although Governor Christopher Waller came out in favour.

Interest-rate swaps now imply a less-than-50% likelihood of a December cut after all but pricing in a quarter-point reduction less than a month ago. The shift in expectations dampened the outlook for the precious metal,



which doesn't pay interest and typically benefits from lower rates.

The first labour-market clues come on Thursday, when the Bureau of Labor Statistics is set to release the September jobs report. While the data will be more backward-looking than usual, the figures will still help shed light on the state of the world's largest economy after the six-week shutdown.

Gold has still gained more than 50% this year despite the recent pullback, and remains on course for the best annual gain since 1979. Investors have bought the metal as a hedge against growing fiscal unease in several major economies, while elevated central-bank buying also provided crucial support for bullion's blistering run to a record above $4,380 last month.

Official-sector purchases will likely continue, according to Goldman Sachs Group Inc. Central banks bought an estimated 64 tons in September, more than triple the amount in August, analysts from the bank said in a note. China alone added an estimated 15 tons, they said; that figure is higher than the 1.24 tons reported by the nation's central bank for that month.

# Govt clears 17 projects to boost production of electronic goods

**NEW DEIHI, (Agency).** The ministry of electronics and information technology (MeitY) on Monday cleared 17 projects, with a cumulative investment of ₹7,172 crore, in the second tranche of approvals under a scheme that aims to boost the production of electronic goods within the country. The 17 projects approved under the Electronics Component Manufacturing Scheme (ECMS) will set up



manufacturing units across nine states and union territories —five in Karnataka, three each in Tamil Nadu and Maharashtra, and one each in Jammu, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Gujarat, Andhra Pradesh and Goa. An IT ministry official had told HT that the government plans to announce new projects under ECMS every fortnight. The first tranche with seven projects was announced on October 27, with an investment of ₹5,532 crore. With this second set of announcements, the government has cleared projects worth ₹12,704 crore out of a total ₹1.15 lakh crore of total expected investments under the scheme, with 24 out of 249 projects cleared so far. At the event organised by India Cellular & Electronics Association (ICEA) in New Delhi, IT minister Ashwini Vaishnaw said that early scepticism about India's electronics ambitions had been dispelled. "There were many naysayers, and those naysayers are now proven wrong. You have shown the way how this country will become a major electronics manufacturing hub," he said, addressing the industry.

# महिला के विवाद में हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महिला के विवाद में एक व्यक्ति की हत्या करने वाले आरोपी को जिला कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था लेकिन महिला और एक आरोपी के खिलाफ पुलिस ठोस साक्ष्य नहीं जुटा पाई। जिसके चलते आरोप सिद्ध नहीं हुए। कोर्ट ने दो आरोपियों को बरी कर दिया। आरोपी का नाम आर्यन सिंह उर्फ रितेश दीवान (41) निवासी परदेशीपुरा है। 15 दिसंबर 2019 को बाणगंगा पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे माल गोदाम पोलोग्राउंड पर एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। इस पर पुलिस ने उसे पोस्टमॉर्टम के लिए अरबिंदो अस्पताल पहुंचाया। वहां गोलू पिता प्रमोद सिंह निवासी साकेत धाम, अपने भाई भगत सिंह उर्फ टिंकू और रोहित पाल के साथ पहुंचे और बताया कि उन्हें सूचना मिली कि पुलिस को कोई डेड बॉडी मिली है। यह भी बताया कि उनके पिताजी प्रमोद सिंह को कल पिट्टू उर्फ नवीन कुशवाह बुलाकर अपनी बाइक पर ले गया था, अभी तक वापस नहीं आए हैं।

# पिकनिक परमिट पर सवारी ढोती बस पकड़ाई

## नो एंट्री में घुसने पर 9 भारी वाहनों पर भी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पिकनिक/बारात का परमिट लेकर सवारी ले जा रही एक बस को ट्रैफिक पुलिस ने रोक लिया। ड्राइवर ने परमिट दिखाया, लेकिन पुलिस को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ। जब बस में सवार यात्रियों से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि वे आम यात्री हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने बस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।**




सोमवार को ट्रैफिक सूबेदार सुमित बिलोनिया और उनकी टीम चोइथराम चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम ने एक बस को रोका और ड्राइवर से दस्तावेज मांगे। काफी देर बाद ड्राइवर ने जो परमिट दिखाया, वह पिकनिक/बारात का पाया गया। लेकिन बस के अंदर बैठे लोगों को देखकर ऐसा नहीं लग रहा था कि वे किसी पिकनिक या बारात में जा रहे हों। ट्रैफिक पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने बस में बैठे लोगों से पूछताछ की। इसमें पता चला कि बस में बैठी सभी सवारियां मुंबई से लखनऊ जा रही थीं। उनमें से कोई भी पिकनिक या बारात का यात्री नहीं था। इस पर परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए सवारी ढोने के कारण ट्रैफिक पुलिस ने बस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। शहर में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले 24 घंटे में 16 नवंबर की सुबह से 17 नवंबर की सुबह तक नो एंट्री में प्रवेश करने वाले 9 भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 95 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा अन्य बसों पर भी कार्रवाई की गई।

# पश्चिम बंगाल की महिला ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में रहने वाली पश्चिम बंगाल की एक महिला ने आत्महत्या कर ली। रविवार रात वह अपने बेटे से फोन पर बात कर रही थीं। इसके बाद दामाद से कुछ देर में वापस आने का कहकर बाहर गईं और जहर खाकर घर लौट आईं। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां रात में ही उनकी मौत हो गई। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार मृतका सुमित्रा (50) पति समर दास शंकर गंज जिंसी में रहती थीं। रविवार रात उनकी बेटी आयशा उन्हें एमवाय लेकर पहुंची थी। दामाद शफिकुल ने बताया कि सुमित्रा मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थीं। वह 20 दिन पहले मल्हारगंज स्थित उनके घर आई थीं। उन्हें 10 दिन बाद वापस जाना था, लेकिन टिकट कन्फर्म नहीं हो पा रहा था। रविवार रात सुमित्रा मोबाइल पर अपने बेटे से बात कर रही थीं। बातचीत के बाद वह बाहर चली गईं और कुछ देर बाद बेटी से कहा कि वह किराने की दुकान से होकर आ रही हैं। करीब 15 मिनट बाद जब वे घर लौटीं, तो उनकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाते समय सुमित्रा ने बताया कि उन्होंने जहर खा लिया है। दामाद के अनुसार, उनके ससुर समर दास का 10 साल पहले निधन हो चुका है। सुमित्रा के दो बेटे हैं एक अपने परिवार के साथ अलग रहता है, जबकि दूसरा पश्चिम बंगाल में सास के साथ ही रहता है। रात को भी सुमित्रा दस्तावेजों को लेकर बात कर रही थीं। रात में दोनों बेटों को उनकी मौत की जानकारी दे दी गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक